Title: Need to develop a 'Ram Path' connecting all the pilgrim places having an association with Lord Rama – laid.

श्री गणेश सिंह (सतना) :महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पर्यटन विभाग का ध्यान देश में रामपथ के विकास के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं, जिसकी शुरूआत 21 नवम्बर से लाखों लोगों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश सरकार ने भगवान राम की तपोभूमि जहां उन्होंने अपने वनवास काल के साढ़े ग्यारह वर्ष बिताये थे, चित्रकूट से प्रारंभ किया है, क्योंकि भगवान राम देश के कई राज्यों से होतु हुए लंका गये थे और दुनिया के लाखों पर्यटक आज भी भगवान राम के विभिन्न तीर्थस्थलों में आते जाते हैं। अतः पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर से दक्षिण तक एक रामपथ का निर्माण विभिन्न तीर्थस्थलों को जोड़ते हुए कराया जाये, मैं ऐसी मांग करता हूं।